पाठ – 1

# अभियान गीत


–डॉ. हरिवंशराय 'बच्चन'

डॉ. हरिवंश राय बच्चन अभियान गीत में नन्हें बच्चों के माध्यम से मातृ–भूमि के प्रति प्रेम, सम्मान और कर्तव्य का बोध कराते हुए देशभक्ति के प्रति लोगों का आह्वान कर रहे हैं। साथ ही देश के लिए बलिदान होने की भावना अपने में समाहित करने का संदेश दे रहे हैं।

भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के।
धर्म अलग हों, जाति अलग हों, वर्ग अलग हों, भाषाएँ,
पर्वत, सागर–तट, वन, मरुथल, मैदानों से हम आएँ।
फौजी वर्दी में हम सबसे पहले हिन्दुस्तान के,
भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के ।।

21DNUH

हिन्दुस्तान की जिस मिट्टी में हम सब खेले–खाए हैं,
जिसके रजकण को हम ममता–समता से अपनाए हैं,
कर्ज़ चुकाने हैं हमको उन रजकण के एहसान के।
भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के।



**जिसकी पूजा में सदियों से श्रम के फूल चढ़ाए हैं,**
**जिसकी रक्षा में पुरखों ने अगणित शीश कटाए हैं ।**
**हम रखवाले पौरुषवाले उसके गौरव मान के**
**भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के ॥**

**हम गिर जाएँ किंतु न गिरने देंगे देश निशान को,**
**हम मिट जाएँ किंतु न मिटने देंगे हिन्दुस्तान को ।**
**हम हैं सबसे आगे रहते अवसर पर बलिदान के**
**भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के ॥**

**जो वीरत्व–विवेक समर में हम सैनिक दिखलाएँगे,**
**उसकी गाथाएँ भारत के गाँव, नगर, घर गाएँगे ।**
**अनगिन कंठों में गूँजेंगे बोल हमारे गान के ,**
**भारत माता के बेटे हम चलते सीना तान के ॥**

शब्दार्थ :– **मरूथल** –मरूस्थल, **रजकण**– धूल के कण, मिट्टी, **एहसान**– भलाई, उपकार, **सदियों** –सौ वर्षों का समूह, शताब्दी,**पौरूष**–पराक्रम, पुरूषार्थ, **गौरव**–प्रतिष्ठा,आदर, महिमा,**निशान**–चिह्न, **बलिदान**–आत्मदान, **वीरत्व** –वीरता, पराक्रम, **विवेक** –बुद्धि, **समर**–युद्ध, **गाथाएँ**–कहानियाँ, **अनगिन**–अनंत, जिसको गिना न जा सके।

## अभ्यास

### पाठ से

1. अभियान गीत से क्या तात्पर्य है?
2. बालक भारत की मिट्‌टी की महिमा का गान क्यों कर रहा है?
3. सैनिक देश के लिए क्या प्रतिज्ञा करते हैं?
4. 'अनेकता में एकता', भारत की विशेषता है। यह भाव कविता की किन पंक्तियों में हैं उन्हें लिखिए?
5. भारत माता के बेटे सीना तानकर चलने की बात क्यों करते हैं?
6. कवि अभियान गीत के माध्यम से भारत माता का कौन सा कर्ज चुकाने की बात करते हैं?
7. मातृभूमि की रक्षा के लिए सैनिक क्या–क्या करते हैं?
8. सैनिक खुद मिटकर देश के किन निशानों को बचाना चाहते हैं?
9. कवि सैनिकों की वीरगाथा को गाँव, नगर और घर तक क्यों पहुँचाना चाहता है?
10. बालक भारत की मिट्टी की महिमा का गान किस तरह कर रहा है? अपनी भाषा में लिखिए।

11. निम्नलिखित पद्यांशों के भावार्थ लिखिए –

(क) कर्ज चुकाने हैं हमको, उन रजकण के एहसान के
भारत माता के बेटे हम, चलते सीना तान के।

(ख) हम गिर जाएँ, किन्तु न गिरने देंगे देश निशान को,
हम मिट जाएँ, किन्तु न मिटने देंगे हिन्दुस्तान को।

## पाठ से आगे

1. भारत की सुरक्षा के लिए सैनिक सदैव तत्पर रहते हैं। अगर आपको देश के लिए कुछ करने का अवसर मिल जाये तो आप कौन सा काम करना चाहेंगे?

21HJW5

2. किसी सैनिक या फौजी को देखकर आपके मन में उनके परिवार वालों के प्रति कौन से भाव आते हैं? उन भावों को अपने शब्दों में लिखिए।
3. अपने देश के प्रति हम सभी के कर्तव्य हैं वैसे ही अपने विद्यालय के प्रति भी हमारे कर्तव्य हैं। कोई चार कर्तव्य जो आप अपने विद्यालय के प्रति निष्ठापूर्वक करना चाहते हैं। उन्हें लिखिए।
4. देश की रक्षा करने वाले फौजी वर्दी पहनते हैं। उनके वर्दी पहनने के क्या कारण हो सकते हैं? अपने विचार लिखिए।
5. राष्ट्र के प्रति नागरिकों के क्या कर्त्तव्य हैं? लिखिए।

## भाषा से

1. कविता में आए निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –
शीश कटाना, सीना तान के चलना, कर्ज चुकाना, बलिदान देना।

21WFXS

2. 'क्या' शब्द का प्रयोग करके बनाए गए इन प्रश्नवाचक वाक्यों को पढ़िए –
(क) क्या आपका नाम मीना है?
(ख) आपने खाने में क्या खाया?
भाषा में प्रश्नवाचक वाक्य दो प्रकार के होते हैं ''हाँ/ना'' उत्तर वाले प्रश्न वाचक वाक्य और सूचनाओं की अपेक्षा रखने वाले प्रश्नवाचक वाक्य। पहले वाले वाक्य का उत्तर हाँ/नहीं में होगा। इसमें क्या का प्रयोग हमेशा वाक्य में शुरू में होता है। 'हाँ–नहीं' उत्तर वाले पाँच प्रश्न वाचक वाक्य सोचकर लिखिए।
3. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
पर्वत, सागर, वन, फूल।
4. निम्नलिखित उदाहरणों को देखकर योजक चिह्न वाले ऐसे पाँच शब्द पाठ से छाँटकर लिखिए।
जैसे – माता–पिता, गौरव–गाथा।

5. एक वचन से बहुवचन बनाने का एक उदाहरण नीचे दिया गया है।

   गाथा..........गाथाएँ,

   अब इसी प्रकार से निम्नलिखित शब्दों का बहुवचन लिखिए –

   कथा.........विपदा.............माता..........लता..............माला..........

6. निम्नलिखित पंक्ति बहुवचन की द्योतक है। इसे एकवचन में लिखिए।

   कर्ज चुकाने हैं हमकों, उस रजकण के एहसान के।

## योग्यता विस्तार

226BZF

1. भारत के राष्ट्रीय चिह्न, राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्र गान आदि के साथ–साथ छत्तीसगढ़ के राजकीय धरोहरों के बारे में भी जानकारी प्राप्त कीजिए।
2. देश के वीर शहीदों एवं महापुरूषों के चित्रों का संकलन कर फाईल बनाइए।
3. भारत के उस पड़ोसी देश के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए जो भारत के लिए हमेशा खतरा बना रहता है।
4. अपने देश के प्रति आपके कई कर्त्तव्य हैं। ऐसे कोई पाँच कर्त्तव्य लिखिए जिन्हें आप निष्ठापूर्वक करते हैं।
5. महापुरुषों के द्वारा दिए प्रसिद्ध नारों को चार्ट में लिखकर कक्षा में सजाएँ।